Rajasthan Patrika, Ahmedabad, December 02, 2009

महाराजा अग्रसेन विद्यालय रहा विजेता

टीसीएस आई विज २००९

अहमदाबाद, 1 दिसम्बर (का.सं.)। महाराजा अग्रसेन विद्यालय, अहमदाबाद ने यहां टैगोर हॉल में आयोजित टीसीएस आई विज 2009 के अहमदाबाद चरण में रिकार्ड अंकों के साथ जीत दर्ज कराई।

महाराजा अग्रसेन विद्यालय, अहमदाबाद के नयन गोयल व विनय महेश्वरी की टीम ने प्रतियोगिता में रिकार्ड 95 अंक अर्जित किए। यह टीम गत दो साल दूसरे स्थान पर रही थी। इस बार दूसरे स्थान पर नवरचना विद्यालय, वडोदरा के शोएब मर्चेण्ट व मंथन पारीख की टीम रही। अहमदाबाद चरण के फाइनल में गुजरात भर से चुनी गई छह स्कूली टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सेन्टर फोर एनवायरमेंट एजुकेशन (सीईई) इण्डिया के संस्थापक निदेशक कार्तिकेय साराभाई ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर टीसीएस के उपाध्यक्ष जेआर कृष्णन भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन थे।